संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-243 गुरूवार,04 जुलाई 2024, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये




## क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव साहब?

» क्या दैनिक घटती-घटना स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ के भ्रष्टाचार को उजागर करने का काम कर रहा है इसलिए उसका शासकीय विज्ञापन बंद किया गया है?

» क्या दैनिक घटती-घटना की खबरें स्वास्थ्य व्यवस्था में भ्रष्टाचार की थीं सही...इसलिए उसके शासकीय विज्ञापन बंद हैं?




» पत्रकारिता लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का दर्जा क्या खो चुकी?
» क्या अब स्वतंत्र लेखन की पत्रकारिता में मनाही?
» स्पष्ट कीजिए माननीय प्रधानमंत्री जी,भारत सरकार...
» स्पष्ट कीजिए माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन...
» स्पष्ट कीजिए माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन...
» गृहमंत्री जी भारत सरकार क्या छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार को लेकर खबर प्रकाशन पर होगी समाचार पत्र पर कार्यवाही...

अम्बिकापुर,01 जुलाई 2024(घटती-घटना)।तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान का दूसरा दिवस...?

## क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

» क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी?
» क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?
» देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?
» क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार?
» क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?


दैनिक घटती घटना
Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com
खुला पत्र

तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...?

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

» क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी?
» क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?
» देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?
» क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार?
» क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?

कलम बंद...
कलम बंद...

क्या सत्ता किसी दल की हो जुगाड़ बनाकर ... अन्य को कभी नहीं मिलेगा मौका?

क्या दागी सहयोगियों स्टाफ व दलबदलू बुवा के भरोसे




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# क्या प्रकशित करें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?

**कलम बंद...का चौथा दिन**

अम्बिकापुर,03 जुलाई 2024(घटती-घटना)। आपको जो कमियां दिखाई जा रही हैं...वह आपको पसंद नहीं आ रही हैं...आपके विभाग में कितनी कमियां हैं...यह शायद आपको दिख नहीं रहा और अखबार आपको दिखाना चाह रहा है...वह देखना नहीं चाहते ऐसे में क्या प्रकाशित करें..यह आपकी तय करें ? अखबार जो आपको कमियां दिख रहा है उस कमियों को आपको दूर करना था पर उसे कर्मियों को दूर करने के बजाय आप अखबार से पत्रकार से संपादक से आपको दिक्कत हो रही फिर आप यह समझिए कि आपसे जनता को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी ?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?

- » क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?
- » क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?
- » देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध ?
- » क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार ?
- » क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी ?







संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती-घटना | सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर, सोमवार 01 जुलाई 2024 | 3

खुला पत्र

कौन सी खबर प्रकाशित करें स्वास्थ्य मंत्री जी ? क्या प्रकशित करें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?

आपको जो कमियां दिखाई जा रही हैं वह आपको पसंद नहीं आ रही हैं... आपके विभाग में कितनी कमियां हैं यह शायद आपको दिख नहीं रहा...और अखबार आपको दिखाना चाह रहा है वह देखना नहीं चाहते...ऐसे में क्या प्रकाशित करें यह आप ही तय करें? अखबार जो आपको कमियां दिख रहा है उस कमियों को आपको दूर करना था...पर उसे कमियों को दूर करने के बजाय आप अखबार से पत्रकार से संपादक से आपको दिक्कत हो रही फिर आप यह समझिए कि आपसे जनता को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी?

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?

» क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?
» क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?
» देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध ?
» क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार ?
» क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी ?

कलम बंद...

कलम बंद...

घटती-घटना

विष्णु सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ने क्या कांग्रेसी युवा को सौंप दी शासकीय आवास की जिम्मेदारी ?

जिस युवक के सोशल मीडिया पोस्ट में दिखती है संघ और भाजपा के खिलाफ विचारधारा उसी युवक को क्यों सर पर बैठा रहे हैं स्वास्थ्य मंत्री स्वामिबहारी ?

घटती-घटना | अम्बिकापुर, मंगलवार 05 मार्च 2024 | 6

क्या खुद के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के प्रमाण-पत्रों की जांच करा पाएंगे स्वास्थ्य मंत्री ?

घटती-घटना

क्या भाजपा कोरबा की लोकसभा प्रत्याशी कोरिया एमसीबी जिले

घटती-घटना

जिला चिकित्सालय में इंसानों के अस्पताल में विचरण कर रहे मवेशी

क्या यही है प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल ?




## खुला पत्र

# देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?

**अम्बिकापुर,03 जुलाई 2024 (घटती-घटना)। माननीय मुख्यमंत्री से भी सवाल है...छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार है...केंद्र में भी आपकी पार्टी की सरकार है...पर छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कमियां दिखाने से रोकने का भी प्रयास हो रहा है...यह प्रयास कहीं ना कहीं स्वस्थ लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है...जहां पर भाजपा सरकार से लोगों को बेहतर करने की उम्मीद होती है तो वहीं पर छत्तीसगढ़ में नवनिर्वाचित मंत्री,विधायक बे-लगाम हो चुके हैं...उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ दिख रहे हैं...उनकी कमियों को बताना उन्हें रास नहीं आ रहा इसलिए वह पत्रकार,संपादक का कलम बंद करने का प्रयास कर रहे हैं अब इस पर आप ही संज्ञान ले...और बताएं की संपादक व पत्रकार कौन सी खबर प्रकाशित करें?**

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

- » क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी?
- » क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?
- » देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?
- » क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार?
- » क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन घटती घटना | अंतर्राष्ट्रीय-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर, सोमवार 01 जुलाई 2024 | 4

खुला पत्र

देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?

माननीय मुख्यमंत्री से भी सवाल है छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार है केंद्र में भी आपकी पार्टी की सरकार है पर छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कमियां दिखाने से रोकने का भी प्रयास हो रहा है यह प्रयास कहीं ना कहीं स्वस्थ लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है। जहां पर भाजपा सरकार से लोगों को बेहतर करने की उम्मीद होती है तो वहीं पर छत्तीसगढ़ में नवनिर्वाचित मंत्री विधायक बे-लगाम हो चुके हैं उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ दिख रहे हैं उनकी कमियों को बताना उन्हें रास नहीं आ रहा इसलिए वह पत्रकार,संपादक का कलम बंद करने का प्रयास कर रहे हैं अब इस पर आप ही संज्ञान ले...की संपादक व पत्रकार कौन सी खबर प्रकाशित करें?

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

» क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी?
» क्यां छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?
» देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?
» क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार?
» क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?

कलम बंद...

कलम बंद...

क्या स्वास्थ्य मंत्री की कुर्सी जाएगी या आईएएस के होने का मिलेगा फायदा?

स्वास्थ्य मंत्री का छः महीने का कार्यकाल रहा निराशाजनक

स्वास्थ्य मंत्री के राज में यह कैसा बवाल?

कलम बंद...का चौथा दिन



## खुला पत्र

# भारत में सच्चे पत्रकार को राजनीतिक पार्टियों से खतरा क्यों रहता है?

कलम बंद...का चौथा दिन

अम्बिकापुर,03 जुलाई 2024(घटती-घटना)। भारत अपने पत्रकारों को निडर होकर काम करने का स्वतंत्र तरीका प्रदान करने में बहुत पीछे है...इन दिनों...कुछ को छोड़कर...हर दूसरा पत्रकार वही खबर दे रहा है जो सरकार की प्रशंसा करती है...नए चैनल लोगों को सरकार द्वारा की गई गलती से विचलित करने के लिए विभिन्न विषयों पर अनावश्यक बहस दिखाएंगे...इसके कारण,अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जो किसी का ध्यान नहीं जाता हैं...दूसरा कारण यह है कि पत्रकार अपने सिद्धांतों और मूल्यों को खो रहे हैं क्योंकि आज स्थिति ऐसी है कि स्थापना के खिलाफ विषयों पर बोलने या लिखने वाले पत्रकारों को धमकी देना,गाली देना और मारना कई अन्य देशों की तरह भारत में भी एक वास्तविकता बन गई है...देश और दुनिया को डरा दिया है...वहीं,पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाओं ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में ला दिया है...जो पत्रकार देश और उसके आम नागरिकों के लिए लिखे वे मरे या प्रताड़ित हुए सरकारी तंत्रों के द्वारा...!

## क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

- » क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?
- » क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?
- » देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?
- » क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार?
- » क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती-घटना | कोरिया-सूरजपुर -समाचार | अम्बिकापुर, सोमवार 01 जुलाई 2024 | 5

खुला पत्र

क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार?

भ्रष्टाचार की खबरों से दिक्कत...कमी दिखाओ तो दिक्कत...जनता की परेशानियों को दिखाओ तो दिक्कत... आखिर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ करें तो क्या करें? सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की ओर बढ़ रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने पत्रकार दौड़ रहा, पर पत्रकार की दौड़ के पीछे निर्वाचित जनप्रतिनिधि उसकी दौड़ की गति को कम करने का प्रयास कर रहे हैं...भ्रष्टाचार बढ़ता रहे पर पत्रकार ना दिखाएं... क्या यही चाहता है जनप्रतिनिधि या फिर सरकारी तंत्र !

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

- » क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?
- » क्यां छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?
- » देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?
- » क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार?
- » क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?





खुला पत्र

# क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार?

- » भ्रष्टाचार की खबरों से दिक्कत...
- » कमी दिखाओ तो दिक्कत...
- » जनता की परेशानियों को दिखाओ तो दिक्कत...

अम्बिकापुर,03 जुलाई 2024(घटती-घटना)। आखिर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ करें तो क्या करें? सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की ओर बढ़ रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने पत्रकार दौड़ रहा पर पत्रकार की दौड़ के पीछे निर्वाचित जनप्रतिनिधि उसकी दौड़ की गति को कम करने का प्रयास कर रहे हैं,भ्रष्टाचार बढ़ता रहे पर पत्रकार ना दिखाएं क्या यही चाहता है जनप्रतिनिधि या फिर सरकारी तंत्र।

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

- » क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?
- » क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?
- » देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?
- » क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार?
- » क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन घटती-घटना | सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर, सोमवार 01 जुलाई 2024 | 6

खुला पत्र

## भारत में सच्चे पत्रकार को राजनीतिक पार्टियों से खतरा क्यों रहता है?

भारत अपने पत्रकारों को निडर होकर काम करने का स्वतंत्र तरीका प्रदान करने में बहुत पीछे है। इन दिनों,कुछ को छोड़कर,हर दूसरा पत्रकार वही खबर दे रहा है जो सरकार की प्रशंसा करती है। नए चैनल लोगों को सरकार द्वारा की गई गलती से विचलित करने के लिए विभिन्न विषयों पर अनावश्यक बहस दिखाएंगे। इसके कारण अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जो किसी का ध्यान नहीं जाता है। दूसरा कारण यह है कि पत्रकार अपने सिद्धांतों और मूल्यों को खो रहे हैं क्योंकि आज की स्थिति ऐसी है कि स्थापना के खिलाफ विषयों पर बोलने या लिखने वाले पत्रकारों को धमकी देना,गाली देना और मारना कई अन्य देशों की तरह भारत में भी एक वास्तविकता बन गई है। देश और दुनिया को डरा दिया है। वहीं, पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाओं ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में ला दिया है। जो पत्रकार देश और उसके नागरिकों के लिए जीना चुना वह मरेंगे या सरकारी तंत्रों के द्वारा प्रताड़ित होंगे...

## क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

- » क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?
- » क्यां छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?
- » देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?
- » क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार?
- » क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी?





# टी 20 रैंकिंग में हार्दिक पांड्या बने नंबर वन




### टॉप 10 में जबरदस्त बदलाव

**नई दिल्ली,03 जुलाई 2024।** टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के खत्म होने के बाद अब आईसीसी की ओर से नई टी20 रैंकिंग जारी कर दी गई है। टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी हार्दिक पांड्या नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो गए हैं। हम यहां पर आईसीसी की टी20 रैंकिंग में ऑलराउंडर्स की बात कर रहे हैं। वैसे तो हार्दिक पांड्या और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा की रेटिंग बराबर है, लेकिन फिर भी हार्दिक को आईसीसी ने नंबर एक पर रखा है। बाकी टॉप 10 की बात की जाए तो वहां भी बदलाव देखने के लिए मिल रहा है।

### हार्दिक पांड्या और वानिंदु हसरंगा की बराबर रेटिंग

आईसीसी की ओर से जारी की गई टी20 में ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में 222 की रेटिंग के साथ हार्दिक पांड्या नंबर एक बन गए हैं। उन्होंने दो स्थानों की छलांग मारी है। टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल और इसके बाद फाइनल में भी हार्दिक पांड्या ने कमाल का प्रदर्शन किया था। भारतीय टीम के चैंपियन बनने में उनका भी बड़ा और अहम योगदान रहा, जब वे मैच का आखिरी ओवर कर रहे थे। बात अगर वानिंदु हसरंगा की करें तो वे भी 222 की रेटिंग के साथ हार्दिक के साथ पहले स्थान पर ही हैं।

### मार्कस स्टायनिस तीसरे नंबर पर पहुंचे

इसके बाद अगर तीसरे नंबर की बात करें तो यहां पर ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टायनिस आ गए हैं। उन्हें भी एक स्थान का उछाल मिला है। वे अब 211 की रेटिंग के साथ इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर आ गए हैं। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। वे 210 की रेटिंग के साथ नंबर चार के ऑलराउंडर बन गए हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन 206 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं।

### मोहम्मद नबी को हुआ नुकसान

इस बीच अफगानिस्तान मोहम्मद नबी को नुकसान उठाना पड़ा है। उनकी रेटिंग 205 की है, वे 4 पायदान फिसलकर छठे स्थान पर आ गए हैं। नेपाल के दीपेंद्र सिंह 199 की रेटिंग के साथ नंबर सात पर बने हुए हैं। इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टन एक स्थान आगे आ गए हैं। वे अब 187 की रेटिंग के साथ नंबर आठ पर हैं। साउथ अफ्रीका के एडन मारक्रम 186 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर हैं। उन्हें भी एक स्थान का नुकसान हुआ है। इंग्लैंड के मोईन अली अब नौवें से दसवें स्थान पर खिसक गए हैं। उनकी रेटिंग 174 की है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अर्जेन्टीना की ओलंपिक फुटबॉल टीम में लियोनेल मेस्सी को जगह नहीं



**अर्जेन्टीना,03 जुलाई 2024।** लयोनेल मेस्सी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेन्टीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं।इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मेस्सी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेन्टीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब का बचाव करना है।

### डेविड मिलर के संन्यास लेने की अफवाहों के बीच बल्लेबाज ने खुद दिया जवाब



**सेंटियागो,03 जुलाई 2024।** टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में भारत के हाथों साउथ अफ्रीका की हार के बाद घातक बल्लेबाज डेविड मिलर के संन्यास लने की अफवाहों ने जोर पकड़ा है। इस बीच खुद स्टार बल्लेबाज ने इन चर्चाओं पर बयान दिया है। पहली बार टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंची साउथ अफ्रीका को करीबी मैच में 7 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, सोशल मीडिया पर कुछ रिपोर्ट्स में अक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर के टी20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने का दावा किया गया। डेविड मिलर ने खुद सोशल मीडिया पर मैसेज शेयर करते हुए अफवाहों पर विराट लगा दिया है। मिलर ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि, कुछ रिपोर्ट्स के विपरीत, मैंने टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है। मैं प्रोटियाज के लिए खेलने के लिए उपलब्ध रहूंगा। सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है।

# भयंकर तूफान से बचकर विश्व विजेता टीम इंडिया भारत के लिए रवाना



**नई दिल्ली,03 जुलाई 2024।** भारत के लिए एक बड़ी और अहम खबर सामने आ रही है। टी20 विश्व कप जीतने के बाद टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी अभी तक बारबाडोस के तूफान में फंसे थे, इसलिए अभी तक वापसी नहीं हो पा रही थी। इस बीच अब बीसीसीआई की ओर से खास इंतजार किए थे, जिसके बाद अब खबर आ रही है कि एयर इंडिया की स्पेशल फ्लाइट से भारतीय खिलाड़ी अपने देश के लिए रवाना हो चुके हैं और जल्द ही घर आ जाएंगे।

### टीम इंडिया बारबाडोस से सीधे दिल्ली पहुंचेगी

अभी तक जो खबरें सामने आ रही हैं, उससे पता चला है कि टीम इंडिया एयर इंडिया के स्पेशन विमान से भारत के लिए रवाना हो चुकी है। खबर है कि टीम गुरुवार सुबह करीब 6 बजे भारत पहुंचेगी। अभी तक जो रिपोर्ट सामने आई है, उसमें पता चला है कि टीम इंडिया बारबाडोस से सीधे नई दिल्ली आएगी। पता ये भी चला है कि टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी और सपोर्ट स्टॉफ सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी से मिलेगी। हालांकि अभी ये पता नहीं चल पाया है कि प्रधानमंत्री मोदी से टीम की मुलाकात कब और कहां होगी। माना जा रहा है कि जल्द ही इसका भी शेड्यूल बता दिया जाएगा।

### दिल्ली से मुंबई के लिए रवाना होगी विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम

इस बीच दिल्ली में पीएम मोदी से मिलने के बाद टीम इंडिया के करीब करीब सभी खिलाड़ी मुंबई के लिए रवाना हो जाएंगे। बताया जा रहा है कि मुंबई में एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद पूरी टीम विश्व कप की ट्रॉफी के साथ खुली बस में नगर भ्रमण पर निकल सकती है। जहां उन्हें सभी क्रिकेट फैंस देख सकेंगे। हालांकि इसको लेकर अभी तक आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। रोहित शर्मा इस टीम का नेतृत्व करते हुए दिखाई देंगे। इसके बाद हो सकता है कि टीम मीडिया से भी रूबरू हो। इसके बाद सभी खिलाड़ी अपने अपने घर चले जाएंगे।

# शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम टी 20 सीरीज के लिए हरारे पहुंची



**नई दिल्ली,03 जुलाई 2024।** कप्तान शुभमन गिल की अगुआई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए)के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए यहां पहुंच गई। जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में टीम को अपने सामान के साथ हवाई अड्डे से बाहर निकलते देखा गया।

# पूरे हिंदुस्तान का आशीर्वाद मेरे साथ है,ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करूंगी

**नई दिल्ली,03 जुलाई 2024।** दुनिया की सबसे बड़ी बहु-राष्ट्रीय प्रतियोगिता पेरिस ओलंपिक की शुरुआत 26 जुलाई से होने जा रही है। इसके लिए हर देश तैयारियों में जुटा हुआ है। भारतीय एथलीट्स भी इस मेगा इवेंट को लेकर जमकर तैयारी कर रहे हैं। कुछ एथलीट्स अपने देश में रहकर ही तैयारियों में जुटे हैं तो कुछ को विदेश भेजा गया है। इसी कड़ी में भारत को सबसे ज्यादा उम्मीदें अपने निशानेबाजों से है। भारत को सबसे पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक शूटिंग में ही मिला था, जब 2008 बीजिंग ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा ने स्वर्ण जीता था। इसके अलावा भी देश को गगन नारंग और विजय कुमार जैसे कुछ शीर्ष निशानेबाजों ने ओलंपिक में पदक दिलाए हैं। ऐसे में इस साल भी निशानेबाजी में भारत अपने सबसे बड़ा दल ओलंपिक के लिए भेज रहा है। इसी




टीम का हिस्सा रिदम सांगवान भी हैं। रिदम पिछले साल हुए हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत चुकी हैं। इसके अलावा भी उनके नाम कई पदक हैं। रिदम निशानेबाजी में भी तीन स्पर्धाओं में खेलती हैं। 10 मीटर एयर पिस्टल के अलावा उन्हें 25 मीटर पिस्टल और 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में भी महारत हासिल है। हालांकि, पेरिस ओलंपिक में वह 10 मीटर एयर पिस्टल में हिस्सा लेंगी। रिदम विश्व चैंपियनशिप्स में एक स्वर्ण (2023 बाकू) और तीन रजत (2022 कायरो) पदक जीत चुकी हैं। इसके अलावा आईएसएसएफ विश्व कप में उन्होंने 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण अपने नाम किया था। आईएसएसएफ विश्व कप में वह तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य समेत कुल पांच पदक जीत चुकी हैं। 20 साल की रिदम से इस साल पेरिस ओलंपिक में पदक की आस है।

# निखत जरीन ने पेरिस की तैयारी कर दी शुरू

**नई दिल्ली,03 जुलाई 2024।** निखत ज़रीन पेरिस 2024 में अपने प्रभावशाली संग्रह में एक ओलंपिक मेडल्स जोड़ने पर नज़र गड़ाए हुए हैं। छह भारतीय बॉक्सर,चार महिलाएँ और दो पुरुष, पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं और उनमें से पाँच खेलों के लिए फ़्रांस की राजधानी जाने से पहले 22 जुलाई तक जर्मनी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। टीम में निखत ज़रीन (महिला 50 किग्रा), प्रीति पवार (महिला 54 किग्रा), टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (महिला 75 किग्रा), निशांत देव (पुरुष 71 किग्रा) और अमित पंघाल (पुरुष 51 किग्रा) शामिल हैं। टोक्यो 2020 में भारत के अभियान के समापन के बाद से, ज़रीन पेरिस 2024 पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, उन्हें विश्वास है कि यह उनके चमकने का क्षण है। ज़रीन ने कहा, जब टोक्यो ओलंपिक में भारत का अभियान समाप्त हुआ, उस दिन मैंने अपना ध्यान पेरिस ओलंपिक की तैयारी पर केंद्रित करने का फैसला किया। मैंने पेरिस की उलटी गिनती के बारे में सोशल मीडिया पर एक तस्वीर भी पोस्ट की।



मुझे लगता है कि हर किसी का अपना पल होता है, और यह मेरा पल है। जिसने भी कहा था कि मैं पेरिस नहीं जा पाऊँगी, मैं आखिरकार वहाँ पहुँच गई। मैं अपने आस-पास की सभी नकारात्मकता और सकारात्मकता को सकारात्मक रूप से स्वीकार करूँगी, बेहतर होने की कोशिश करूँगी, और पेरिस में रिंग के अंदर एक अलग फाइटर के रूप में उतरूँगी, निकहत ज़रीन ने जियोसिनेमा को बताया। अपनी सफलता के मार्ग पर विचार करते हुए, ज़रीन अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता के अटूट समर्थन को देती हैं, भले ही उनके समुदाय में सामाजिक मानदंडों द्वारा उत्पन्न चुनौतियाँ हों। मेरा सफ़र उतार-चढ़ाव भरा रहा है, क्योंकि मैं ऐसे समुदाय से आती हूँ जहाँ महिलाओं उन्होंने हमेशा मेरी यात्रा में मेरा साथ दिया। उन्होंने मुझे बॉक्सिंग पर कॉन्सेन्ट्रेट करने के लिए कहा और कहा, जब आप देश के लिए पदक जीतने का अपना सपना पूरा करेंगे, तो उस दिन ये लोग आपको बधाई देने और सेल्फी लेने आएंगे।

# मिथुन चक्रवर्ती अपने दबे रंग और दांतों के कारण थे परेशान



बॉलीवुड इंडस्ट्री के एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अरबाज खान के स्ट्रीमिंग चैट शो द इनविन्सिबल्स विद अरबाज खान में अनुभवी एक्ट्रेस शबाना आजमी स्पेशल गेस्ट के तौर पर शामिल हुईं। शो में एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि एक्टर मिथुन चक्रवर्ती इंडस्ट्री में शुरुआती दिनों में अपने स्किन टोन को लेकर काफी चिंता में रहते थे। एक्ट्रेस ने हाल ही में सिनेमा में 50 साल पूरे किए।शो के होस्ट अरबाज खान से बात करते हुए शबाना ने बताया, मिथुन चक्रवर्ती, जो उस समय मेरे जूनियर थे, हमारे घर आते थे और हमें बताते थे कि उनका रंग गोरा नहीं है या उनके दांत अलग हैं। मां उन्हें गले लगाती और कहती थीं, तुम्हें इन सब चीजों की चिंता नहीं करनी चाहिए। तुम बहुत अच्छे डांसर हो... मां की ये बातें सुनकर, हम सभी को एक अलग कॉन्फिडेंस मिलता था।

# शबाना आदमी और मिथुन चक्रवर्ती ने साथ में की फिल्में

शबाना आजमी और मिथुन चक्रवर्ती ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है, इनमें समीरा, हम पांच, झूठी शान, नसीहत, अशांति और अमर दीप शामिल हैं। अपनी हिट फिल्म अर्थ के बारे में शबाना ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में शामिल किसी भी कलाकार ने इतने सालों में इसके कल्ट स्टेटस की उम्मीद नहीं की थी। इस फिल्म के लिए उन्हें नेशनल अवॉर्ड मिला। एक्ट्रेस ने कहा कि इस फिल्म ने समाज में बदलाव की शुरुआत की। अर्थ 1982 में रिलीज हुई थी। इसमें शबाना आजमी के अलावा, कुलभूषण खरबंदा और स्मिता पाटिल अहम भूमिका में थे। जावेद अख्तर के शराब की लत पर बोलीं शबाना आजमी एपिसोड के दौरान उन्होंने अपने पति और लेखक जावेद अख्तर की शराब की लत से डील कैसे किया, इस बारे में भी बात की। एक्ट्रेस ने कहा- एक दिन जब वह पेरिस में थे, तो जावेद शराब के नशे में थे और उसी पल उन्होंने शराब छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने अपने पति की इच्छाशक्ति की सराहना की और कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि अचानक उन्होंने शराब कैसे छोड़ दी।

**न्यायालय तहसीलदार लटोरी ,जिला-सूरजपुर,(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202407262100003 /अ- 21 /2023-24

मीना गिरी प्रति राजीव गुप्ता

सर्व साधारण ग्रामवासी ग्राम सिलफ्लि तहसील लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मीना गिरी पति स्व0भुनेश्वर गिरी जाति गोस्वामी निवासी ग्राम सिलफिली तहसील लटोरी, जिला-सूरजपुर ने अपने खाते की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम सिलफिली तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा नंबर 297/1, रकबा 0.100, हे0 भूमि को अनावेदक क्रेता श्री राजीव गुप्ता आ0 गया प्रसाद निवासी ग्राम गणेशपुर के पास 5,00,000/- रूपये (पांच लाख रू0)में बिक्री करने हेतु तय हुआ है। जिसमें से 4,30,000/-रू0 अग्रिम प्रदाय कर दिया गया है आवेदित भूमि शासन से पटटे पर भूमि है। उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सूरजपुर को प्रस्तुत करने से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसमें कार्यवाही किया जा रहा है।

अत :उक्त संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 31/07/2024 को उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालीन की मुहर से जारी किया गया।।

सील — तहसीलदार , लटोरी जिला-सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202406020700141**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2023-24

नमनाकला
प.ह.नं.00020[15/8(0.0050हे.)]
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-अरूण कुमार श्रीवास्तव,
अनावेदक पक्षकार-मनीष सिंह ,

**ईश्तहार**

आवेदक अरूण कुमार श्रीवास्तव आ0 स्व0 पी0 एल0 श्रीवास्तव निवासी कोणार्क रेसीडेंसी एम0जी0रोड अंबिकापुर , तहसील अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 15/8रकबा 0.115, हे0 में से रकबा 79.30 वर्गमीटर भूमि के भूतल में 46.66वर्गमीटर 0.005 हे0 एवं प्रथम तल में 45.06वर्गमीटर 0.007 हे0 कुल 91.72 वर्गमीटर भूमि को पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/07/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक20/06/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202407020700029**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2023-24

सुभाषनगर प.ह.नं.00017 [171/8(0.0200हे.)]
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-कालेन्द्र प्रसाद जायसवाल
अनावेदक पक्षकार-रामनाथ जायसवाल

**ईश्तहार**

आवेदक कालेन्द्र प्रसाद जायसवाल आ0रामनाथ जायसवाल व अन्य, निवासी ग्र्राम-नमनाकला,तहसील अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 171/8, 171/10 रकबा क्रमशः 0.020 ,0.020 , हे0 भूमि को राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 रामनाथ जायसवाल का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/07/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुजूर आ0नेस्तोर कुजूर जाति उरांव निवासी नमनाकला, तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम-नमनाकला तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) खसरा नं0 55/3रकबा 0.040 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा ,नक्शा ,भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र ,रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया हैं ,जो इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 16/07/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,**

रा.प्र.क्र./अ- 20(3) /2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती भावना परीडा पत्नि राजेन्द्र प्रसाद परीडा , जाति जायसवाल निवासी डी0सी0रोड अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम मोहल्ला बाबुपारा नगर अंबिकापुर शीट नंबर -09 स्थित नजूल प्लाट नंबर 3467/4866/56 रकबा 118.2 वर्गमीटर भूमि को अनावेदिका सुरेश अग्रवाल पति भगवान चरण अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी नेहरू वार्ड अंबिकुपर तहसील अंबिकापुर , जिला-सरगुजा,छ0ग0 के पास बिक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज मेंटनेन्स खसरा नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा- आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22/07/2024 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नजूल अधिकारी ,अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202407020700025**

विषयः-अ-27 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2023-24

अंबिकापुर प.ह.नं.00015
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-अनुराधा, मनोहर ,लक्ष्मी, ओमप्रकाश, यशोदा ,प्रेमलता,
अनावेदक पक्षकार-ओमप्रकाश ,यशोदा ,प्रेमलता ,अनुराधा, मनोहर ,लक्ष्मी ,

**ईश्तहार**

आवेदक अनुराधा शर्मा पति रोहित शर्मा व अन्य निवासी नदीगांव, पोस्ट नदीगांव तहसील सरिया, जिला सारंगढ़ छ0ग0 के द्वारा ग्राम अंबिकापुर स्थित कुल खसरा नंबर 23 कुल रकबा 2.842, हे0 भूमि को उभयपक्ष के मध्य में बंटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 05/08/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावाआपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202407020700033**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2023-24

अंबिकापुर प.ह.नं. 00015 (2371/5 (0.0190हे.))
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-कुलदीप सिंह भामरा
अनावेदक पक्षकार-मु.नरेंद्र कौर

**ईश्तहार**

आवेदक कुलदीप सिंह भामरा आ0 स्व0 करतार सिंह भामरा व अन्य,निवासी महामाया वार्ड क्रमांक-37 नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2371/5 रकबा 0.019 हे. भूमि की पंजीबद्ध वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24.07.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

# मोहरा को ऐश्वर्या राय और श्रीदेवी ने किया था रिजेक्ट



रवीना टंडन आज भी टिप टिप बरसा पानी के लिए लोगों के बीच मशहूर हैं। वह दो-तीन दशक से अपने अभिनय का जादू चला रही हैं। साल 1994 में राजीव मेहरा की आई मोहरा में एक्ट्रेस के अलावा, सुनील शेट्टी और अक्षय कुमार भी नजर आए थे। इसमें एक और गाना था जो बहुत पॉप्युलर हुआ और वो था, तू चीज बड़ी है मस्त मस्त। इस मूवी ने सबके करियर में चार चांद लगा दिया था। मगर इसके लिए पहली पसंद रवीना टंडन नहीं थीं। ये मूवी पहले ऐश्वर्या राय और श्रीदेवी को ऑफर की गई थी। मगर उन्होंने रिजेक्ट कर दी थी।उन्होंने यह भी बताया कि श्रीदेवी को यह फिल्म ऑफर की गई थी लेकिन एक्ट्रेस ने यह फिल्म इसलिए नहीं ली क्योंकि अक्षय और सुनील को अभी फिल्मों में खुद को साबित करना बाकी था। और हां, हमने श्रीदेवी को भी मोहरा ऑफर की थी। हालांकि, हमारे पास बड़े हीरो नहीं थे। अक्षय और सुनील फेमस नहीं थे। इसलिए, कोई भी हीरोइन मोहरा के लिए हां कहने से पहले दो बार सोच रही थी। किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था कि एक गाना तू चीज बड़ी है मस्त-मस्त अक्षय और फिल्म के लिए सब कुछ बदल देगा।

## खुला पत्र

# देश का चौथा स्तंभ को बचाए कौन ?

### » बचा लो चौथे स्तंभ को अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा है...जिम्मेदार लोगों से है अपील...

**अम्बिकापुर,03 जुलाई 2024 (घटती-घटना)।** बात बिल्कुल सही है कि मीडिया देश की ज़रुरत है,बिना इसके हम स्वस्थ लोकतंत्र की कल्पना नहीं कर सकते हैं,संपादक, मालिक और पत्रकार,सभी एक ढर्रे पर चल रहे हैं,सभी बदलाव की बात करते हैं,मगर कोई बदलना ही नहीं चाहता है,देश का स्वघोषित चौथा स्तंभ डगमगा रहा है,अपने विचारों से,अपने कर्तव्यों से बचा लोज्अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा है यह कहना गलत नहीं होगा क्योंकि पहले के तीन स्तंभ भी चौथे स्तंभ के लिए गंभीर नहीं है। उन्हें लगता है कि चौथे स्तंभ की जरूरत ही नहीं है? समाचार-पत्र राजनीतिज्ञों और अन्य सत्ताधारियों का सशक्त उपकरण बन गया है,निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए उनका मनमाना प्रयोग करते हैं,सभी अपने अधिकारों की सीमा लांघते हैं मगर क्यों? हमने व हमारे अतीत ने इस बात को सच होते भी देखा है,याद किजिए वो दिन जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था,तब अंग्रेजी हुकूमत के पांव उखाड़ने के लिए एकमात्र साधन अख़बार ही था,विश्व में अमेरिका और कई पश्चिमी देश ऐसे हैं,जहां पत्रकारिता स्वतंत्र है,भारत में भी प्रेस की अपनी भूमिका निभा रही है,हालांकि अन्य देशों की अपेक्षा हमारे देश में प्रेस के लिए कोई अलग से कानून नहीं हैं,हिन्दुस्तान में एक आम नागरिक को जो अधिकार दिया गया है,वही अधिकार प्रेस को भी दिया गया है,आर्टिकल 19(1) (ए) के अनुसार, हिन्दुस्तान में रहने वाले सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति का अधिकार दिया गया है,मीडिया को भी इसी दायरे में रखा गया है,हम आज जिस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं,वो सरकार और मीडिया है,सरकार के बिना मीडिया अधूरी है, और मीडिया के बिना सरकार,देश की समस्याओं को अख़बार या टीवी के माध्यम से मीडिया सरकार तक अपनी बात पहुंचाती है,देखा जाए,तो प्रेस की भूमिका जनप्रतिनिधि की होती है,कई बार ये प्रतिनिधि सीमा को लांघ जाते हैं,नाजी नेताओं ने ठीक ही कहा है कि यदि झूठ को दस या बीस बार बोला जाए,तो वह सच बन जाता है, समाचार पत्रों के संदर्भ में यह कथन सही उतरता है,आज समाचार पत्र राजनीतिज्ञों और अन्य सत्ताधारियों का सशक्त उपकरण बन गया है,वे अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए उनका मनमाना प्रयोग करते हैं,सभी अपने अधिकारों की सीमा लांघते हैं मगर क्यों?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?

» क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?

» क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?

» देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध ?

» क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार ?

» क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी ?



संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन घटती घटना राजधानी समाचार अम्बिकापुर, सोमवार 01 जुलाई 2024 8

खुला पत्र

क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ,क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी ?

» क्या छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार में भी भ्रष्टाचारी नेता हैं पाक साफ ?

» विधायक मंत्री पाक साफ क्योंकि वह भाजपा के पुरानी कांग्रेस सरकार के राह पर ही चलती दिख रही ?

वर्तमान भाजपा की नई सरकार व उनके विधायक व मंत्री 6 महीने के कार्यकाल कुछ इसी प्रकार देखने को मिला, स्वास्थ्य विभाग के मामले में तो पिछले 6 महीने में पुराने भ्रष्टाचारों की एक भी जांच नहीं हुई, यहां तक जांच करने का प्रयास भी नहीं किया गया जबकि मंत्री भी सारे भ्रष्टाचारों से अवगत है फिर भी न जाने किसके लिए हुआ है चुप है

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?

कलम बंद...

कलम बंद...

» क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?

» क्यों छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?

» देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध ?

» क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार ?

» क्या भाजपा के भ्रष्टाचारी नेता इसलिए हैं पाक-साफ क्योंकि वह हैं भाजपा के पदाधिकारी ?

कलम बंद...का चौथा दिन




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)